## खबर संक्षेप

### मैहर में चोरों का बोलबाला

**मैहर।** उदयपुर मैहर वार्ड नंबर 2 गुरुकुल स्कूल के पहले डोला सेठ के डेरी कारखाने के सामने जोधा हाऊस दीपेंद्र प्रजापति के घर 16 तारीख की रात 3 बजे सूना घर देख चोरों ने धावा बोल दिया और घर में रखे कीमती वस्तु सोने चांदी नगद रखे रुपए को पार कर दिया। सीसीटीवी कैमरे में साफ दिख रहे हैं कि कैसे एक चोर रैकी कर रहा है। वहीं दो चोर घर के अंदर से चोरी की वारदात को अंजाम देकर बाइक में बैठकर वहां से चले जाते हैं। मैहर में यह बाइक सवार चोर आए दिन ऐसी चोरी की घटना को अंजाम देते आ रहे हैं।

### लावारिश हालत में मिली वजनी तिजोरी

**मैहर।** जिले के भरौली में हाइवे के किनारे एक बड़ी और भारी तिजोरी पड़ी मिली है। सूचना के बाद अमदरा पुलिस इसे अपने साथ ले गई है। माना जा रहा है कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देकर ये तिजोरी लाई जा रही थी लेकिन भयवश यहां फेंक कर भाग निकले हैं लोग।पुलिस अभी मामले में चुप्पी साधे हुए है। वहीं थाना पुलिस ने बंद तिजोरी को सील बंद किया है। इस पर निर्णय आगे लिया जाएगा। तिजोरी काफी वजनी बताई जा रही है। अभी तक किसी ने तिजोरी के लिए दावा नही किया है।

### बिना अनुमति संचालित कबाड़ की दुकानों पर प्रशासन की नहीं है नजर

**मैहर।** भदनपुर में बिना किसी शासकीय अनुमति के कई कबाड़ की दुकानें संचालित हो रही हैं जो स्थानीय प्रशासन के लिए चिंता का विषय है।बताया जा रहा है कि एक छोटे से गांव में इतनी बड़ी संख्या में कबाड़ की दुकानें कैसे चल रही हैं। यदि यह वैध व्यवसाय है तो प्रशासन को पहल कर सरकार की मनसा अनुरूप और लोगों को भी कबाड़ व्यवसाय का अवसर देना चाहिए। ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इन दुकानों का निरीक्षण करने की मांग है ताकि संचालन में पारदर्शिता बनी रहे और दुकानदार खुद को सुरक्षित महसूस करें। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक गांव में 5 से 10 कबाड़ दुकानों का होना रोजगार के नए अवसर जैसा है।

### 10 दिन तक बंद रहेगा मैहर में मां शारदा मंदिर का रोपवे

**मैहर।** मां शारदा मंदिर रोपवे का आगामी चैत्र नवरात्रि को देखते हुए मेंटेनेंस किया जा रहा है। दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था के आवश्यक रख रखाव एवं मेंटेनेंस के लिए 17 से 26 मार्च तक दामोदर रोपवे बंद रहेगा। यह जानकारी रोपवे का संचालन करने वाली एजेंसी ने दी है। एजेंसी ने दर्शनार्थियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद भी जताया है।

### कांशीराम की 91 वें जन्मदिन पर जिला स्तरीय विचार संगोष्ठी का आयोजन

**मैहर।** मैहर जिले के सोनवारी पंचायत में काशीराम की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर आए अतिथियों ने अपने अपने विचार रखे। बहुजन समाज पार्टी के नेताओ ने अभिभाषण में कहा सामाजिक आंदोलन में कांशीराम भाव,निभाव,एवं भावनाओं का संयोजन थे। जब तक आपको यह एहसास नहीं होगा कि आप संरचना में किस हाशिये से आते हैं आप उस व्यवस्था के खिलाफ आवाज़ नहीं उठा सकते है। इसका उदाहरण जोतीराव फुले,छत्रपति शाहू जी महाराज,डॉ.आंबेडकर और कांशीराम के विचारों में देखने को मिलती है।नरेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय समाज भावनाओं में बिखरा हुआ समाज है,जो परिवार, रिश्तेदार, रसूखदार के भाव से ओतप्रोत रहा है।क्योंकि इसकी संरचना में भावनाओं की जगह आपसी संबंधों से निर्धारित होती है जैसा कि दार्शनिक बहुजन समाज की सच्चाई से परिचित हो जाने के बाद जनता के बीच इतिहास का सीधा संवाद स्थापित करने के लिए कांशीराम ने 'मेला ऑन व्हील्स' की शुरुआत की उन्होंने इसके माध्यम से जनता के बीच उनके समाज के महापुरुषों से परिचित कराया।

# किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

शहडोल। जिले में खैरहा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 15 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शौच के लिए किशोरी घर के पीछे स्थित जंगल गई थी। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी, तब जाकर परिजनों ने उसकी तलाश की तो किशोरी का शव जंगल में एक पेड़ पर लटकता हुआ मिला। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। फांसी लगाने का कारण अभी अज्ञात है।

जानकारी के अनुसार, खैरहा थाना क्षेत्र के बरतरा गांव के बरतरी टोला की रहने वाली किशोरी श्याम बाई बैगा पिता रोधे बैगा उम्र 15 वर्ष की फांसी लगाने से मौत हुई है। परिजनों ने बताया कि किशोरी घर के पीछे स्थित जंगल में शौच के लिए गई थी। लेकिन काफी देर तक वह लौटकर घर नहीं पहुंची, तब परिजन चिंतित हो गए और किशोरी की तलाश करने लगे। घर से महज 100 मीटर की दूरी पर एक पेड़ में फांसी के फंदे में किशोरी का शव लटकता मिला, जिसे देख परिजन हैरान हो गए और मामले की जानकारी पुलिस को दी।जानकारी लगने के बाद थाना प्रभारी दिलीप सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि एक पेड़ में फांसी में लटकता किशोरी का शव मिला है। शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम के लिए शव का अस्पताल भिजवाया गया है।

मामले पर मर्ग कायम किया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। किशोरी ने फांसी किन कारणों से लगाई है, अभी स्पष्ट नहीं है। परिजनों और पड़ोस के लोगों के बयान दर्ज किया जा रहे हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पीएम रिपोर्ट के इंतजार में है।

# केशरवानी समाज ने मनायी पारंपरिक होली



ब्योहारी

रविवार को केशरवानी समाज के नगर सभा, महिला सभा, तरूण सभा, के सभी पदाधिकारी व समाज के समस्त पुरुष, महिला तरुण युवक युवती ने रंग गुलाल अबीर का खूब खेला गया साथ होली गीत, फाग गीत, भक्ति गीत केशरवानी धर्मशाला के मैदान में होली मिलन के बाद उपास्थिति पदाधिकारी व सदस्यों स्वालपाहार के बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

# जनसुनवाई में कार्यालय प्रमुख रहे मौजूद

उमरिया


शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर सभागार में प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। जनसुनवाई में जिले के कार्यालय/विभाग प्रमुखों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। जनसुनवाई में जिले से दूरदराज के ग्रामीणजन एवं अन्य आमजन अपनी समस्याओं का निराकरण हेतु आते हैं। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में विभाग प्रमुख या प्रतिनिधि सहायक प्राधिकृत अधिकारी के शासकीय कार्य में व्यस्त होने मुख्यालय से बाहर होने व अन्य कारण से अनुपस्थित होने पर विभागों से संबंधित आवेदन पत्रो/शिकायतों/मांगों के निराकरण कराने में कठिनाई होती है।

डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले ने जिला प्रमुख अधिकारियों से कहा है कि जनसुनवाई शासन के अत्यंत प्राथमिकता का कार्यक्रम है। नागरिकों तथा अधिकारियों के मध्य सीधा संवाद स्थापित करने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शासन द्वारा दिये गये निर्देश के अनुक्रम में प्रतिमंगलवार को जनसुनवाई कलेक्ट्रेट सभाकक्ष के कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित होती है। जिला उमरिया अंतर्गत समस्त कार्यालय/विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि माह के प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम समय 11 बजे से 1 बजे तक अनिवार्यतः रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें, या शासकीय कार्य में व्यस्त होने/मुख्यालय से बाहर होने अथवा अन्य कारण होने पर अपने कायर्यालय के ही प्रतिनिधि (सहायक प्राधिकृत अधिकारी) की पृथक से नियुक्ति आदेश जारी करते हुए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थिति देवे, ताकि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण शत-प्रतिशत होकर जनसुनवाई कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग प्रदान करें ।

# 20 मार्च से संगीतमय श्रीराम कथा

शहडोल

मनोज ट्रेडिंग कंपनी ,मनोज एंड ब्रदर्स एवं मनोज टीवीएस परिवार के द्वारा स्मृति शेष दादाजी कौशल प्रसाद गुप्ता एवं पिताजी रामभित गुप्ता के पुण्य स्मरण में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन गुरुवार 20 मार्च से शनिवार 29 मार्च तक सिंधी धर्मशाला के सामने शुभम पैलेस शहडोल में किया जा रहा है। संगीतमय श्रीराम कथा के आयोजक मनोज टीवीएस परिवार के हनुमान प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता एवं मनोज गुप्ता ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार 20 मार्च को दोपहर 02 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से होगी। कलश यात्रा गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल शुभम पैलेस पहुंचेगी।





संगीतमय श्रीराम कथा का श्रवण श्रोताओं को ब्रम्हलीन स्वामी संकर्षण प्रपन्नाचार्य जी के कृपापात्र बद्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज द्वारा स्वामी रामकृष्ण आचार्य के सानिध्य में कथा के मुख्य यजमान श्रीमती बब्बी बाई गुप्ता सहित श्रोताओ को श्रीराम कथा का रसपान 20 मार्च से आगामी नौ दिनों तक कथा स्थल शुभम पैलेस में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक रामायण महात्म्य एवं उसकी महिमा से कराएंगे।

श्रीराम कथा के आयोजक मनोज ट्रेडिंग कंपनी ,मनोज एंड ब्रदर्स एवं मनोज टीवीएस परिवार के हनुमान प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता एवं मनोज गुप्ता ने बताया कि प्रातः यज्ञाचार्य पंडित राम सुशील शास्त्री जी द्वारा प्रतिदिन पूजा पाठ संपादित कराया जाएगा, तत्पश्चात अपरान्ह तीन बजे से पंडित बद्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज द्वारा श्रीराम कथा का रसपान श्रोताओं को कराएंगे।


संगीतमय श्रीराम कथा में प्रथम दिवस पंडित बद्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज द्वारा गुरुवार, 20 मार्च को कलश यात्रा के उपरांत अपरान्ह तीन बजे से रामायण महात्म्य, वंदना, नाम महिमा इत्यादि का श्रवण कराएंगे। द्वितीय दिवस शुक्रवार 21 मार्च को याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, प्रयाग महिमा, सती प्रसंग, शिव पार्वती विवाहोत्सव,तृतीय दिवस शनिवार, 22 मार्च को शिव पार्वती संवाद, नारद मोह, राजा भानुप्रताप प्रसंग, राम जन्मोत्सव,चतुर्थ दिवस रविवार 23 मार्च को बालचरित, यज्ञरक्षा, जनकपुर प्रवेश, धनुषभंग, रामविवाहोत्सव,पंचम दिवस सोमवार 24 मार्च को आयोध्या दर्शन, राजतिलक की तैयारी, राम वनगमन, केवट प्रसंग आदि का रसपान महाराज जी द्वारा कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा में षष्टम् दिवस मंगलवार 25 मार्च को चित्रकूट निवास, भरत मिलन, अरण्य की यात्रा, सन्त दर्शन आदि,सप्तम दिवस बुधवार 26 मार्च को सीता हरण, लंका दहन आदि,अष्टम् दिवस गुरुवार 27 मार्च को सीता खोज, रामेश्वरम् स्थापना आदि,नवम् दिवस शुक्रवार 28 मार्च को राम रावण सुंदर काण्ड, आयोध्या वापसी, राम राज्याभिषेक कागभुशुंडि गरुण व्याख्यान के साथ ही संगीतमय श्रीराम कथा का विश्राम हो जाएगा। वहीं श्रीराम कथा के दसवां दिवस शनिवार 29 मार्च को प्रातः 9 बजे से पूर्णाहुति, हवन एवं भंडारा प्रसाद, दोपहर एक बजे से होगा।बिहारी लाल गुप्ता,बैद्यनाथ गुप्ता, चोखेलाल गुप्ता,रामलाल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के आयोजक मनोज टीवीएस परिवार के श्रीमती बब्बी बाई गुप्ता, श्रीमती सुनीता-हनुमान प्रसाद गुप्ता,श्रीमती वर्षा-राजेश गुप्ता,श्रीमती आरती-मनोज गुप्ता,श्रीमती रुचि-योगेश गुप्ता,श्रीमती काजल-हिमांशु गुप्ता के साथ शिवांशु,अक्षत,दीपांशु अनन्या,आव्या,नित्या ने सभी से सपरिवार श्रीराम कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ लेने का आहवान किया हैं।

# जानकारियों की खातिर जिला पंचायत में हुई एक नियुक्ति

शहडोल। लोकतांत्रिक व्यवस्था की यह एक विडम्बना ही कही जाएगी कि उसमें शासकीय उपायों से साझेदारी निभाने की बजाय पृथक से व्यवस्था खड़ी करने का प्रयास किया जाता है। जिसका कि जनहित में न कोई औचित्य होता है और न कोई लाभ होता है। इसका कोई व्यापक लाभ हो या न हो लेकिन नुकसान यह अवश्य होता है कि इससे गलत परंपराओं की नींव पड़ती है। हाल ही में जिला पंचायत अध्यक्ष ने योजनाओं की जानकारी लेने के लिए पृथक से एक व्यक्ति की नियुक्ति कर ली है। जबकि यह कार्य उनका निज सचिव भी कर सकता है। निज सचिव की व्यवस्था हेतु शासन स्वयं ही अनुमति देता है।







### नियुक्ति का औचित्य क्या है?

जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा मनोज कुमार द्विवेदी नामक व्यक्ति की नियुक्ति केवल इसलिए की है कि जिससे जनपद पंचायतों में चल रही योजनाओं की समुचित जानकारी सुविधा से संकलित की जा सके। जबकि यह कार्य स्वयं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा अपने निज सचिव के माध्यम से या जिला पंचायत सीईओ के माध्यम से कर सकती हैं। एक वरिष्ठ संस्था प्रमुख को अधीनस्थ संस्था से जानकारी लेने व पूछताछ के लिए शासकीय तौर तरीके अपनाए जाते हैं, न कि एक पूरा डिपार्टमेंट ही पृथक से खड़ा कर दिया जाता है। इस नियुक्ति के औचित्य को लेकर तरह तरह की चर्चाएं चल रहीं हैं।

**शासकीय व्यवस्था के समानांतर एक गलत परंपरा की नींव**

### क्या निज सचिव पर भरोसा नहीं?

मनोज द्विवेदी की नियुक्ति इस बात का संकेत देती है कि शायद जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा को अपने निज सचिव की कार्यशैली पर भरोसा नहीं, वे उससे संतुष्ट नहीं हैं, इसलिए उन्होने पृथक व्यवस्था करना ठीक समझा है। मेडम ने मानो पूंछताछ और जांच पड़ताल के लिए शासकीय एजेसिंयों व दफ्तरों से सहयोग लेने की बजाय अपनी निजी जांच एजेंसी खड़ी करना अधिक उपयुक्त समझा है। ताकि उन्हे समय पर सही सही जानकारियां प्राप्त हो सकें। दबी जुबान लोग ऐसा भी कहते हैं कि मेडम ने जनपदों व ग्रामपंचायतों पर सीधा दबाव बनाने हेतु अपना आदमी तैनात किया है।

### सीईओ ने भी जारी किए निर्देश

जिला पंचायत अध्यक्ष ने जब सीईओ जिला पंचायत को नियुक्ति की जानकारी दे और अधीनस्थों को निर्देशित करने का आग्रह किया तो सीईओ जिला पंचायत ने भी अधीनस्थ जनपदों को इस आशय के निर्देश जारी कर दिए कि मनोज द्विवेदी को जानकारियां देकर सहयोग प्रदान किया जाए। निज सचिव की जिम्मेदारी चूंकि मनोज को दी गई इसलिए निज सचिव कार्य की जिम्मेदारी से मुक्त हो गया और मुफ्त की वेतन उठाता रहेगा। अभी यह जानकारी नहीं मिली है कि मनोज द्विवेदी कब और किस तरह से जानकारियां एकत्र करेंगे। अगर उन्हे कोई अधिकारी सहयोग नहीं देता है तो उस अधिकारी पर कौन सी कार्रवाई होगी।

### संवैधानिक स्थिति क्या है?

मेडम ने जानकारियों के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त कर दिया लेकिन यह ज्ञात नहीं कि उसका पद क्या है, वेतन क्या है, उस पद की संवैधानिक स्थिति क्या है। अब जिस तरह सीईओ जिला पंचायत अधीनस्थों से जानकारियां तलब करते हैं उसी तरह मनोज भी जानकारियां तलब करेगा, इसके लिए उस पर जिला पंचायत अध्यक्ष व सीईओ दोनो मेहरबान हैं। इस तरह की नियुक्ति किसी के भी गले नहीं उतर रही है। शासकीय प्रावधानों का रास्ता चलने की बजाय एक निजी खिडक़ी क्यों खोली गई है। एक खास बात और है कि मेडम जानकारियां बटोर कर करेंगी क्या? वे जनहित में कितनें कदम उठाएंगी और उन्हे जनहित से कितना सरोकार है यह उनके अभी तक के कार्यकाल से पता चल चुका है।



# नई पीढ़ी को बर्बाद कर रहा नशा तंत्र

**शहडोल।** युवा और बच्चों को नशे से दूर करने शासन द्वारा तमाम प्रयास किये जा रहे है। युवाओं और बच्चों को नशा के तरीके मुहैया कराने वालों पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश है, लेकिन इस बावजूद पुलिस का रवैया सुस्त बना हुआ है। पुख्ता जानकारी होने के बावजूद पुलिस नशा के सौदागरों पर कार्रवाई से परहेज कर रही है। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाली पुरानी बस्ती, कल्याणपुर में नशे के सौदागर लोगों को जिंदगी खराब कर रहे है, नशे के कारोबार को करने वालो को बीट प्रभारियों का संरक्षण प्राप्त है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता, पुरानी बस्ती में राहुल, कल्याणपुर में दीपक, आदेश और अंडर ब्रिज के पास इंटू, नसदीम, नफीस सहित कई सौदागर हैं, जो युवाओं को नशे की लत की ओर धकेल रहे हैं।

नई पीढ़ी को बर्बाद करने की नीयत से तहशुदा तंत्र से नशे का घातक जाल फैलाया जा रहा है, यही कारण है कि जानलेवा नशीले पदार्थों (हेरोइन, स्मैक और सफेद पाउडर या चिट्टे से लेकर मेडिकल स्टोरों के माध्यम से बिकने वाले नशीली सिरप, टेबलेट और कैप्सूल तक) की बेलगाम बिक्री के कारण अब बड़ी संख्या में युवा इनके जाल में फंस रहे हैं, एक बार इनकी लत लग जाने के बाद इन बेहद महंगे नशीले पदार्थों के लिए पैसों का प्रबंध करने के लिए नशे की लत वाले युवा अपने घरों से पैसे, सोना और कीमती सामान चुरा लेते हैं, सडक़ों पर छीना-झपटी करते हैं, राहगीरों की कार, बाइक, मोबाईल या जो कुछ भी मिले चुरा या छीन लेते हैं और नशे के लिए मारपीट से लेकर हत्या करने तक में कोई संकोच नहीं करते हैं। जागरूक लोगों ने कोतवाली प्रभारी से मांग की है कि उक्त मामले में स्वतः संज्ञान लेकर नशे के कारोबार पर अंकुश लगाया जाये, जिससे युवाओं का भविष्य बर्बाद होने से बच सके।

# ई आफिस का प्रशिक्षण प्रदाय करने मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त

उमरिया

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि तृतीय चरण में 31 मार्च तक प्रदेश के समस्त जिलो, संभागों में पूर्णतः ई आफिस कार्य प्रणाली लागू की जानी है, जिसके परिपालन में उमरिया जिले में भी निर्धारित तिथि में ई आफिस परियोजना का सुचारू रूप से क्रियान्वयन किया जाना है। इसके लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एन आईसी उमरिया को परियोजना का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है साथ ही ई आफिस का प्रशिक्षण प्रदाय किए जाने हेतु मास्टर ट्रेनर्स की टीम गठित की गई है जिनके व्दारा कार्यालय प्रमुखों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ।

# सांठ-गांठ से परीक्षा केंद्र में चल रही नकल

**उमरिया।** जिले के विकास खण्ड पाली अंतर्गत बोर्ड परीक्षा परीक्षा के दौरान हायर सेकेण्ड्री बड़वाही परीक्षा केंद्र पर नकल कराने के आरोप लगे हैं। चर्चा है कि प्राचार्य और केंद्राध्यक्ष के बीच सांठ-गांठ की वजह से परीक्षा केंद्र में नकल चल रही है, परीक्षार्थियों द्वारा यह दावा किया गया कि केंद्र में नकल करने के लिए एक सुनियोजित व्यवस्था बनाई गई है, जिसमें कागज, मोबाइल और अन्य सामग्री की मदद से नकल करवाई जाती है। आरोप हैं कि प्राचार्य और केंद्राध्यक्ष नकल को बढ़ावा देने में सहयोग करते हैं, छात्रों ने यह भी आरोप है कि विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था की स्थिति इतनी गंभीर है कि अगर ऑब्जेक्टिव नहीं बताया गया तो, फेल हो जाएंगे।

अधिकारियों द्वारा चेकिंग के दौरान नकल की सामग्री और संदिग्ध वस्तुएं बड़वाही परीक्षा केंद्र से बरामद की थी और कुछ छात्रों का नकल प्रकरण का भी मामला बना था, लेकिन फिर भी नकल थमने का नाम नहीं ले रही, छात्र-छात्राओं नें खुलासा किया है कि परीक्षा के दौरान हमेशा चाय नाश्ते के बहाने मोबाइल के माध्यम से प्रश्न पत्र लीक किया जाता है और प्रश्नों के उत्तर परीक्षा केंद्र में पहुंचाए जाते हैं। बताया जाता है किसी स्टाफ के रिश्तेदार छात्र वहां पढ़ते हैं और उन्हें भरपूर नकल कराने के उद्देश्य से प्राचार्य एवं केंद्राध्यक्ष से सांठ-गांठ कर नकल का माहौल बनाया गया है।

# 31 मार्च तक कर सकते हैं गेहूं विक्रय हेतु किसान पंजीयन

उमरिया

जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस.परिहार ने बताया कि जिले में 35 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से पंजीयन का कार्य 31 मार्च तक किया जाएगा । जिले में यह कार्य 35 खरीदी केन्द्रों में किया जाना है । इसके अतिरिक्त जिले में संचालित एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर पर भी कर सकते है। जिले मे संचालित गेहूं पंजीयन केन्द्रो पर किसानों के गेहूं, की फसल के पंजीयन का कार्य निशुल्क किया जा रहा है । जिले में कुल 3615 किसानों द्वारा गेहू विक्रय हेतु पंजीयन किये गये है, एवं किसान पंजीयन का कार्य निरंतर चल रहा है ।

जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन उमरिया गेहूं उपार्जन एजेंन्सी होगी एवं शासन के निर्देशानुसार जिले में 15 मार्च 2025 से 5 मई 2025 की अवधि में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से जिले मे संचालित 35 गेहूं उपार्जन केन्द्रो पर गेहूं खरीदी का कार्य किया जायेगा । राज्य शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं रूपये 2425 प्रति क्विंटल पर रूपये 175 प्रति क्विंटल की दर से किसानों को बोनस का भुगतान किया जायेगा । इस प्रकार जिले में गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले किसानों को गेहूं की कुल राशि रू. 2425 प्रति क्विंरटल प्लस 175 प्रति क्विंटल के मान से बोनस कुल (2600/- प्रति क्विंटल) के मान से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की राशि का भुगतान किया जायेगा । रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के प्रमुख गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले सभी किसान भाईयों को समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं एवं उस पर प्रदाय बोनस राशि प्रदाय की जायेगी । जिले के गेहूं विक्रय के इच्छुक सभी किसानो से अपेक्षा हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने हेतु शासन की नियत अवधि 31 मार्च 2025 तक समर्थन मूल्य पर गेहू विक्रय के लिये अपना पंजीयन नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर या कियोस्क सेंटर से भी कर सकते है।

## खबर संक्षेप

### पशु पक्षियों का गला तर करने समाजसेवियों ने रखवाया नांद



**कोतमा।** गर्मी की शुरुआत होते ही मूक पशुओं के लिए पीने की पानी की समस्या को देखते हुए नगर के समाजसेवियों द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में नाद रखाया गया। अलग-अलग वार्डों में लगभग 10 जगह रखाई गई जिसमें वार्ड एक चौपाटी बाजार, विकास नगर, स्टेडियम कैंप, मुखर्जी चौक सहित अन्य वार्डो में जिम्मेदारी के साथ रखा गया है। रखे गए नांद के पास ही रहने वाले लोगों द्वारा समय-समय पर पानी डालेंगे जिससे कि हमारे आसपास के पशु पक्षी प्यासे ना रह सके। उक्त कार्य की सभी लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।

### जुआ खेलते 5 जुआरी गिरफ्तार, 12000 रूपये सहित 7 मोटर सायकल जप्त

**चचाई।** मुखबिर से सूचना मिली कि गीताग्राम ग्राउण्ड के पास कुछ जुआड़ियान जुआ फड़ लगाकर तास पत्ते में रुपये पैसे का हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं उक्त सूचना पर जुआडियानों को हमराह स्टाफ के माध्यम से पकड़ा गया नाम पता पूछने पर दोनों ने अपना-अपना नाम मन्ना पाव पिता फगुना पाव उम्र 57 वर्ष निवासी निवासी दुर्गा मंदिर अमलाई, रफीक अहमद पिता स्व0 जबीर अहमद उम्र 45 वर्ष निवासी दुर्गा मंदिर अमलाई, सतेन्द्र दाहिया पिता जगदीश प्रसाद दाहिया उम्र 39 वर्ष निवासी दफाई नं0 01 धनपुरी थाना धनपुरी जिला शहडोल, सुनील डेहरिया पिता स्व0 श्रीराम डेहरिया उम्र 39 वर्ष निवासी विवेकनगर, मोहम्मद एहसान पिता मोहम्मद रफीक खान उम्र 42 वर्ष निवासी चिल्हारी थाना चचाई जिला अनूपपुर होना बताये उक्त सभी पकड़े गये आरोपियों के पास से व जुआ फड़ से कुल 12000 रू. एवं तास के 52 पत्ते मौके पर बरामद हुआ। उक्त सभी आरोपी गणों के विरूद्ध तास के 52 पत्तों में रूपये पैसों की हार जीत का बाजी लगाकर जुआ खेलते पाये जाने पर मौके पर मुताबिक जप्ती पत्रक के 12000/रुपये नगद जुआ फड़ व पास से तथा 52 तास के पत्ते सहित 07 मोटर सायकल जप्ती की गयी कुल कीमती 2,92,000/- रूपये का जप्त किया जाकर कब्जे पुलिस लिया गया। आरोपियों के विरूद्ध अपराध सदर कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के कुशल निर्देशन में थाना चचाई से निरीक्षक राकेश उइके, उ.नि. बीएल गोलिया, सउनि नागेश सिंह, प्रआर विकास दहायत एवं एसडीओपी कार्यालय के कर्मचारियों की अहम भूमिका रही।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

**कोतमा।** थाना अंतर्गत उरतान गांव में रहने वाले गया सिंह पिता भंवर सिंह कंवर 75 वर्ष निवासी कमरान टोला उरतान के द्वारा अपने घर में फांसी लगाकर जान देने का मामला सामने आया है। होली के दौरान हुई घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंच शव का पंचनामा एवं पीएम उपरांत परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि मृतक बीमारी को लेकर पिछले कुछ समय से ज्यादा परेशान रहता रहा। शनिवार की सुबह फांसी के फंदे पर शव देखे जाने पर सूचना पुलिस को दी गई मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

**मालिक पर भारी मुलाजिम को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं**

# 1 करोड़ के गबन का मामला करो री-स्टैण्डः सुको

## करोड़ों का गबन, 1 करोड़ प्रमाणित, एफआईआर को भटक रही सरकार

कलयुगी द्रोणाचार्य ने शिक्षा के मंदिरो को व्यापार बनाकर बच्चों के निवाले से करोड़ हजम कर गये, दर्जनों में से एक मामला जांच तक पहुंचा, एफआईआर हुई, जुगाड़ से गिरफ्तारी रूकी रही और हाईकोर्ट एफआईआर ही क्रैश कर दी, बीते सप्ताह सुको ने हाईकोर्ट के निर्णय को रद्द कर अशोक शर्मा नामक नौकरशाह को फिर पुलिस की रडार में ला दिया है।



शहडोल

05 जून 2021 को बुढ़ार थाने में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रहे अशोक शर्मा पर 01 करोड़ से अधिक की राशि का शासकीय गबन का मामला प्रमाणित होने पर एफआईआर दर्ज कराई थी। तत्कालीन थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में प्रदेश सरकार के निर्णयों व जांच को किनारे रखकर कई महीनों तक अशोक शर्मा को गिरफ्तार न करके जांच को इंच भर भी आगे नहीं खिसकाया, वर्दी से मिली छूट से अशोक शर्मा ने उच्च न्यायालय जबलपुर से बुढ़ार थाने में दर्ज एफआईआर को ही क्रैश करवा लिया। इस मामले में मध्यप्रदेश शासन ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील की और सुनवाई के उपरांत माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 10 मई 2022 के हाईकोर्ट जबलपुर के आदेश को 12 फरवरी 2025 को रद्द कर दिया। बुढ़ार पुलिस अब इस मामले में अशोक शर्मा के विरूद्ध दर्ज एफआईआर के जीवित होने के बाद जांच को आगे बढ़ाने के साथ ही गिरफ्तारी और चालान पेश करने संबंधी कार्यवाही कर सकती है।

### पुर्नजीवित हुआ मामला

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने विद्ववान अधिवक्ताओं की दलील सुनने के बाद बुढ़ार थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 493/2021 भादवि की धारा 409, 420, 467, 468, 471 को पुर्नजीवित कर दिया है, गौरतलब है कि वर्ष 2014-15 के दौरान बुढ़ार विकास खण्ड में बीईओ के पद पर रहे अशोक शर्मा के ऊपर विभिन्न मामलों में करोड़ों के भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे, इन्हीं दर्जनों मामलों में से एक मामले में 1 करोड़ 1 लाख 72 हजार 176 रूपये की राशि के गबन का आरोप प्रमाणित हुआ था। तत्कालीन कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार गोस्वामी उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए, कलेक्टर के निर्देश पर आदिवासी विकास विभाग की तीन सदस्यीय टीम जिसमें रणजीत सिंह धुर्वे प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर शहडोल, विमल चौरसिया सहायक सांख्यिकीय अधिकारी परियोजना सोहागपुर एवं एस.एल. महोबिया कनिष्ठ लेखाधिकारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग शामिल थे।

### यह है शर्मा जी का इतिहास

अशोक शर्मा लगभग 7 से 8 वर्षो तक बुढ़ार में बीईओ थे, महज इस अवधि में ही अशोक शर्मा पर 8 से 10 करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोप हैं, राजनैतिक आकाओं की देहरी पर माथा टेकने और आदिवासी विकास विभाग तथा पूर्व जिला प्रमुख के मैनेजमेंट व चाटूकारिता से कई बार अपराध प्रमाणित होने के बाद भी श्री शर्मा कार्यवाही से बचते रहे। बीते एक दशक के दौरान अशोक शर्मा ने अपने छोटे भाई गोपाल शर्मा के सहारा ट्रेवल्स के नाम पर लाखों के फर्जी भुगतान, पूर्व में गांधी चौक शहडोल में अपने पुत्र के नाम पर संचालित पतंजलि के प्रतिष्ठान से लाखों के फर्जी बिलो के भुगतान के साथ ही पत्नी के नाम पर फर्जी एनजीओ संचालित कर लाखों की राशि का गबन किया था। इनके साथ इस खेल में दर्जनों फर्मों के संचालक और संरक्षण देने में नौकरशाह भी शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जब पुलिस ने भ्रष्टाचार के पिटारे को खोल ही दिया है तो, इस गिरोह में शामिल हर चेहरा बेनकाब होगा।

### उपायुक्त का मिला था संरक्षण

आयुक्त जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश के द्वारा 19 मई को विभागीय पत्र क्रमांक 8801 जारी कर सहायक आयुक्त शहडोल को अशोक शर्मा के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का पत्र भेजा गया था। उक्त पत्र की प्रति कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य संभाग शहडोल को भी भेजी गई थी। 19 मई के बाद 7 दिनों के अंदर यह कार्यवाही होनी थी, लेकिन माह भर बीतने के बाद भी न तो, आपराधिक मामला दर्ज हुआ और न ही इस मामले को फाईलों में खेलने के लिए बनाई गई थी, तीन सदस्यीय टीम ने अब तक कोई रिपोर्ट ही सौंपी थी। मजे की बात तो यह है कि तत्कालीन संभागीय उपायुक्त ने अपने ही विभाग के आयुक्त के पत्र का हवाला देकर मामले को लटकाने की नीयत से निर्धारित 7 दिवसों की अवधि को दरकिनार कर पुनः इस मामले में जांच कमेटी बैठा दी थी। इतना ही नहीं उन्होंने कमेटी को 15 दिन के अंदर मामले की जांच कर प्रतिवेदन सौंपने के निर्देश दिये थे, लेकिन कलेक्टर की फटकार के बाद उक्त टीम बुढ़ार बीईओ कार्यालय पहुंची और जांच के नाम पर आडिट आदि करना शुरू किया।

# घर के सामने खड़ी जीप में लगी आग

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप शनिवार की शाम घर के सामने खड़ी जीप में अचानक आग लग गई, जीप में लगी आग देख लोगों ने हल्ला करना शुरू कर दिया, जिससे घर में मौजूद लोगों को इसकी जानकारी लगी। हो हल्ला सुनकर आस-पास के लोग भी इक_ा हो गए। पुलिस और फायर वाहन को मामले की जानकारी दी गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते ही आग बुझा ली गई, जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। जानकारी के अनुसार, ब्यौहारी बस स्टैंड के समीप पीयूष दुबे के घर के सामने उनकी जीप खड़ी हुई थी। श्री दुबे ने बताया कि वह अपनी जीप को होली के पहले घर से सटाकर खड़ी कर रखे थे। नहीं तो उनका वाहन सडक़ के किनारे खड़ा रहता है। अचानक शनिवार की शाम उसमें आग लग गई, आग लगने की जानकारी उन्हें पड़ोस के लोगों ने



हल्ला कर दी। इसके बाद वह अपने घर से बाहर निकले और आस पड़ोस के लोगों की मदद से आग को बुझाने की कोशिश की। आग विकराल रूप में थी, तभी लोगों ने मामले की जानकारी दमकल कर्मियों और पुलिस को दी। जानकारी लगते ही पुलिस व दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मेहनत के बाद आग को बुझाया गया।


### हो सकती थी बड़ी घटना

वहीं, स्थानीय लोगों के अनुसार जिस स्थान पर वाहन खड़ा था, वह एक रिहायशी क्षेत्र है और हर घर में गैस सिलेंडर रखे हुए हैं। गनीमत रही कि सही वक्त में आग पर काबू पा लिया गया, नहीं तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी। घर से सटकर यह जीप खड़ी हुई थी और अचानक अज्ञात कारणों से उस पर आग लग लगी और घर के लोगों को इसकी जानकारी भी नहीं लग पाई। प्रधान आरक्षक सुखेंद्र त्रिपाठी ब्यौहारी थाने में पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि वह होली की ड्यूटी बस स्टैंड में कर रहे थे। घटना बस स्टैंड से महज कुछ मीटर की दूरी की है। हो हल्ला सुनकर प्रधान आरक्षक मौके पर दौड़ गए और लोगों के साथ आग को बुझाने में लग गए। जब तक दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और किसी तरह से आग को बुझा लिया

# कपलिन टूटने से इंजन से अलग हुए डब्बे, हादसा टला

ब्योहारी।

ब्योहारी रेलवे स्टेशन में बीते दिनों सिंगरौली से जबलपुर इन्टरसिटी 11652 में सुबह आठ बजे के लगभग इन्टरसिटी में यात्रा कर रहे मुसाफिर हादसे का शिकार होते-होते बचे, इन्टरसिटी ट्रेन सिंगरौली से जबलपुर सुबह लगभग 7.45- 08 बजे के स्टेशन जबलपुर के लिए छूटी तो स्टेशन से लगभग आधा किलो मीटर दूर कपलिन टूटने से इंजन के साथ लगभग बाहर डिब्बा आगे चले गए एवं आठ डिब्बे पीछे छूटे थे, हालाकि इस दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना



कारित नहीं हुई, ब्योहारी के सडक़ मार्ग शहडोल राजमार्ग के ऊपर रेल लाइन का पुल बना है, वहीं पर इन्टरसिटी सिंगरौली से जबलपुर इन्टरसिटी का कपलिन टूटने से हादसा होते होते बचा, नगर के



किसी यात्री द्वारा पूरे घटना क्रम का वीडियो बनाकर नगर के व्हा्टस एप में वॉयरल कर दिया, जिसके बाद हडक़ंप की स्थिति निर्मित हो गई, खबर है कि जबलपुर जोन के अधिकारियों द्वारा उक्त मामले में जांच के आदेश दिये हैं।

# पशु चिकित्सक ने दिखाई मानवता



राजनगर।

कोयलांचल क्षेत्र के राजनगर में 13 मार्च, गुरुवार को वार्ड क्र.पांच बाबूलाइन बी टाइप कॉलोनी में एक गाय बेहोशी की हालत में सड़क पर पड़ी थी। समाजसेवियो द्वारा गाय के उपचार करने के लिए राजनगर मे पदस्थ पशु चिकित्सक करोलिया को फोन लगाया। लेकिन वह टाल मटोल करते नजर आए। उसके बाद समाजसेवियों ने पशु चिकित्सक डां. बृजेश गुप्ता को फोन किया, डॉ. ब्रजेश गुप्ता ने कहा कि मैं हॉस्पिटल में बोतल चढ़वा रहा हूं। मेरी भी तबीयत खराब है, कुछ देर बाद डॉ बृजेश गुप्ता ने दोबारा काल किया, मैं तुरंत आ रहा हूं। रात्रि 11:30 बजे लगभग डॉक्टर बृजेश गाय को देखने पहुंचे। डॉ. ब्रजेश गुप्ता ने बताया कि गाय ने पानी पी लिया है। इसके बाद उन्होंने तत्काल उपचार शुरू कर दिया। उसके बाद गाय को थोड़ा आराम लगा और वह फोन पर निरंतर गाय का हाल-चाल पूछते रहे। अगले दिन गाय स्वयं अपने पैरों पर खड़ी हुई और वहां से चली गई। इस तरह से पशु चिकित्सक ने मानवता का परिचय दिखाते हुए मूक पशु का उपचार किया। स्थानीय लोगों ने डॉक्टर बृजेश गुप्ता की इस कार्य की सराहना की।

### उपखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

**उमरिया।** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय ने बताया कि ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु हैंडपंप संधारण एवं नल जल योजना संचालन, संधारण हेतु जिला अंतर्गत उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका मोबाइल नंबर 9893105867 है । कंट्रोल रूम में गुलशन पाठक सहायक ग्रेड 3 की ड्युटी सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा संजय बर्मन स्टोर क्लर्क की ड्युटी दोपहर 2 बजे से सायं 8 बजे तक के लिए लगाई गई है । अवकाश के दिनो में अनुरूध्द सिंह उदद्दे हैंडपंप टेक्नी शियन को फोन अटेंड कर शिकायत रजिस्टर में संधारित करने हेतु नियुक्त किया गया है । उन्होने बताया कि जिला एवं विकासखंड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदारो जिसमें आर के गुप्ता प्रभारी सहायक यंत्री मोबाइल नंबर 9753207802, ए एम मिश्रा उपयंत्री विकासखंड मानपुर मोबाइल नंबर 9039492983, 8827304946, हिमांशु जायसवाल उपयंत्री विकासखंड पाली मोबाइल नंबर 8109380362, शुभम मरावी उपयंत्री विकासखंड करकेली मोबाइल नंबर 8889397002 तथा मेसर्स इंटरनेशनल स्पेशल स्योकरक रटी फोर्स प्रोपा. राघवेन्द्र प्रसाद मिश्रा मोबाइल नंबर 9752291747 से संपर्क किया जा सकता है ।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह का शहादत दिवस मनाने का सीटू ने लिया फैसला



जैतहरी।

16 मार्च को संयुक्त ठेकेदारी मजदूर यूनियन सीटू जैतहरी जिला अनूपपुर का बैठक ग्राम पंचायत क्योंटार नया टोला में कामरेड जुगुल किशोर राठौर के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में यूनियन के महासचिव कामरेड सहसराम चौधरी ने ताजा हालात के विषय में रिपोर्ट रखते हुए मजदूर आंदोलन को तेज करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर उपस्थित साथियों ने अपना राय रखते हुए कहा कि मोजर वेयर पावर प्लांट के प्रबंधन के द्वारा इस क्षेत्र के किसान मजदूर के साथ जमकर शोषण कर रहा है। सीएसआर की राशि पर व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है एवं श्रम कानून का खुला उलंघन कर रही है, श्रमिकों जीवन स्तर बद से बद्तर है। स्वास्थ्य सुविधाएं लचर है, हिन्दुस्तान के अंदर मोजर बेयर पावर प्लांट जैतहरी पहला पावर प्लांट है जहां दुर्घटना ग्रस्त श्रमिक के इलाज के लिए दो लाख रुपए निर्धारित है जबकि अन्य पावर प्लांट में दुर्घटनाग्रस्त श्रमिक के इलाज में पचासों लाख रुपए खर्च आने पर कम्पनी वहन करती है लेकिन मोजर बेयर पावर प्लांट में अपनी जमीन जायदाद बेचकर श्रमिक को इलाज करवाना पड़ता है। जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि प्रबंधन को लूटने की खुली छूट दे रखी है। विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से 23 मार्च को ग्राम पंचायत क्योंटार में शहीद-ए-आजम भगत सिंह का शहादत दिवस मनाने का फैसला लिया है।

# पुलिस ने मनाया होली मिलन समारोह




**शहडोल।** पुलिस द्वारा पुराने कंट्रोल रूम में होली मिलन समारोह आयोजित की गई। जिसमें आईजी अनुराग शर्मा, डीआईजी सुश्री सविता सुहाने, कलेक्टर डॉक्टर केदर सिंह सहित पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, डीएसपी राधवेंद्र द्विवेदी, एसडीओपी रवि कोल, एसडीओपी अभिनव मिश्रा, डीएसपी यातायात मुकेश दीक्षित, डीएसपी विकास पांडे, डीएसपी पीएल तिवारी, सूबेदार लाइन सहित जिले के सभी थाना प्रभारी और विभिन्न आरक्षक, प्रधान आरक्षक, सहायक उपनिरीक्षक और उपनिरीक्षक शामिल हुए।

# पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक आज

**उमरिया।** जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा एवं ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक 17 मार्च को समय सीमा की बैठक के पश्चात कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई है । बैठक में समस्त अधिकारियों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

# भालूमाडा पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ महिम टीम द्वारा की गई आबकारी एक्ट की कार्यवाही

भालूमाडा।

थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा अभियान चलाकर होली त्यौहार शांति पूर्ण तरीके सम्पन्न कराने हेतु अवैध रुप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ 14 मार्च को पांच अलग अलग स्थानों में रेड कार्यवाही कर बदरा में दीपक कुमार गुप्ता पिता गेंदलाल गुप्ता उम्र 25 साल निवासी बदरा के कब्जे से एक सफेद रंग की थैली में 10 पाव प्लेन मदिरा एवं 2 नग पावर बीयर कुल कीमती 860 रुपये की अवैध शराब जप्त किया ग्राम पोंडी में सीताराम केवट पिता जट्टु केवट उम्र 45 साल निवासी ग्राम पोड़ी के कब्जे से दो खाकी रंग के कार्टून में 5 लिमाउंट बियर केन प्रत्येक केन 500 एमएल के कीमती 750 रुपये, एक अदद पावर 10000 बीयर केन 500 एमएल कीमती 150 रुपये 12 अदद पावर 10000 बीयर बाटल प्रत्येक बाटल 750 एमएल कीमती 2400 रुपये 5 किंग फिसर बीयर बाटल प्रत्येक बाटल 750 एमएल कीमती 1500 रुपये एक लिमाउंट बीयर बाटल 750 एमएल कीमती 180 रुपये 3 नग एमडी क्वाटर अंग्रेजी शराब प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल कीमती 750 रुपये 4 नग गोवा कम्पन्नी अग्रेजी शराब क्वाटर प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल कीमती 600 रुपये 6 क्वाटर मदिरा मसाला प्रत्येक का क्वाटर 180 एमएल कीमती 540 रुपये 4 नग 8पीएम अंग्रेजी शराब क्वाटर प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल कीमती 600 रुपये 4 नग अंग्रेजी शराब क्वाटर प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल कीमती 840 रुपये 2 नग अंग्रेजी शराब क्वाटर प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल कीमती 360 रुपये 6 नग एमडी रम अंग्रेजी शराब क्वाटर प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल कीमती 1500 रुपये कुल शराब 21 लीटर 930 ग्राम कुल कीमती 9810 रुपये की की जप्त की गई है। ग्राम बरबसपुर में दीपक केवट पिता जुगला केवट उम्र 27 वर्ष



निवासी बरबसपुर के कब्जे से सफेद प्लेन 5 क्वाटर कीमत 300 रू ब्लू चीप 4 क्वाटर कीमत 520 रूपये, ओ.सी. 2 क्वाटर कीमत 360 रूपये, देशी मदिरा 2 क्वाटर कीमत 160 रूपये, पावर 10000 का बीयर का केन 3 कीमत 420 रूपये, पावर 10000 का बीयर बोतल 6 कीमत 1080 रूपये 8 पीएम शराब का 2 क्वाटर कीमत 480 रूपये कुल कीमती लगभग 3320 रुपये की अवैध शराब जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया है। ग्राम भाद में कमोदा प्रसाद केवट पिता बुटवल केवट उम्र 58 वर्ष निवासी भाद के कब्जे से सफेद प्लेन 5 क्वाटर कीमत 300 रूपये ब्लू चीप 4 क्वाटर कीमत 520 रूपये, मसाला का 1 क्वाटर कीमत 80 रूपये, पावर 10000 का बीयर का केन 4 कीमत 560 रूपये, पावर 10000 का बीयर 6 बोतल कीमत 1080 रूपये 2 बीयर की दो बोतल कीमत 320 रूपये 8pm का 2 क्वाटर कीमत 480 रूपये कुल कीमती लगभग 3340 रुपये की अवैध शराब जप्त कर की गई है। ग्राम भाद में सुनील केवट पिता सियाराम केवट उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम भाद के कब्जे से देशी मदिरा प्लेन 5 क्वाटर, ब्लूचिप का 44 क्वाटर, मासाला मदिरा 1 क्वाटर 8पीएम का 1 क्वाटर 10000 पावर बियर का केन 4 नग, एवं 10000 पावर बियर का 6 बाटर कुल 9 लीटर अंग्रेजी देशी शराब कीमती 2780 रुपये कुल पांच प्रकरणों में अंग्रेजी एवं देसी शराब कुल 50.440 लीटर अवैध शराब कुल कीमती 20110 रुपये की जप्त की गई है। आरोपी दीपक कुमार गुप्ता पिता गेंदलाल गुप्ता उम्र 25 साल निवासी वार्ड न. 01 बदरा थाना भालूमाड़ा सीताराम केवट पिता जट्टु केवट उम्र 45 साल निवासी ग्राम पोड़ी थाना भालूमाड़ा दीपक केवट पिता जुगला केवट उम्र 27 वर्ष निवासी बरबसपुर कमोदा प्रसाद केवट पिता बुटवल केवट उम्र 58 वर्ष निवासी भाद सुनील के वट पिता सियाराम केवट उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम भाद थाना भालूमाड़ा है।


## खबर संक्षेप

### होली के हुड़दंग में कई लोग हुए बेरंग, सड़क हादसे व अधिक नशे के चलते 700 मरीज पहुंचे अस्पताल, तीन की मौत



रीवा। रीवा में होली का हुड़दंग कई लोगों के लिए समस्या बनकर भी आया। जिले में इस हुड़दंग सहित अन्य मामलों की वजह से 700 मरीज अस्पताल पहुंचे।शुक्रवार के बीते 24 घंटे में संजय गांधी अस्पताल में अलग अलग बीमारियों सहित, सड़क हादसे और अन्य कारणों से करीब 700 लोग पहुंचे हैं, जिनमें से तीन की मौत भी हुई है, संजय गांधी अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर अतुल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि होली के दिन बीते 24 घंटे के दौरान अस्पताल में अलग-अलग बीमारियों सहित सड़क दुर्घटना और विभिन्न कर्म से तकरीबन 700 लोगों आए हैं जिनमें से 130 लोगों को भर्ती किया गया है और 176 लोगों की मोच कराई गई है जबकि तीन लोगों की मृत्यु हो गई है जिसमें सभी लोग सड़क हादसे का शिकार हुए हैं डॉक्टर अतुल सिंह ने बताया कि इस दौरान अस्पताल में पुलिस की भी चुस्त दुरुस्त होनी व्यवस्था रही है उन्होंने कहा ज्यादातर मरीज होली के हुड़दंग वाले थे, जो सड़क दुर्घटना, गिरने या फिर नशे में थे, ज्यादातर मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है, जो गंभीर थे उन्हें भर्ती कर लिया गया है। जिनका उपचार जारी है।

### बाइक से आए बदमाशों ने युवक पर किया हमला, मोहल्ले में मचाया आतंक समान थाने क्षेत्र अंतर्गत बाणसागर कॉलोनी की घटना



रीवा। शहर के सामान थाना क्षेत्र अंतर्गत बाणसागर कॉलोनी मे बाइक से आए युवकों ने मोहल्ले में जमकर आतंक मचाया। एक युवक की बेदम पिटाई की और आराम से घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। इसका वीडियो वायरल हुआ है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। समान थाने के बाणसागर कॉलोनी निवासी निहाल सिंह बैस पिता हीरालाल बुधवार की रात आठ बजे अपने घर के पास खड़ा था। उसी समय आरोपी आदित्य सौंधिया अपने 7 दोस्तों के साथ बाइकों में पर सवार होकर आया और और युवक पर हमला कर दिया। सरेराह उसकी बेदम पिटाई की। शोर शराबा सुनकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हो गए जिस पर आरोपी मौके से फरार हो गए। काफी देर तक मोहल्ले में वे आतंक मचाते रहे और पुलिस पेट्रोलिंग की पोल खोलकर रख दी। पीड़ित युवक ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना का वीडियो वायरल हुआ है जिसमें आरोपियों द्वारा खुलेआम है। आतंक मचाते नजर आ रहे है। पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। फिलहाल घटना को अंजाम देने वाले आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। उनकी तलाश की जा रही है। पीड़ित के मुताबिक एक साल से उसका आरोपी से विवाद चल रहा है जिसका बदला लेने के लिए उसने इस घटना को अंजाम दिया है।

### 65 हैंडपम्पों में कुछ सही, बाकी सब खराब, पानी के लिये तरस रहे ग्रामीण लोगछदहना पंचायत का मामला

रीवा। जिले के जवा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत छदहना में गर्मी की आहट के साथ ही पानी का संकट अब जोरो से गहरा रहा है। लोग पानी के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं वही अभी गर्मी पूरी तरह से आई नही है तब ये हाल है। गर्मी में पानी की कितनी किल्लत होगी इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है। आपको बता दे कि एक हफ्ते पहले जिला कलेक्टर ने पीएचई विभाग सहित अन्य विभागों की बैठक लेकर साफ तौर पर निर्देष दिए थे की एक हफ्ते के अंदर सभी गावो के खराब पड़े हैंडपंप तत्काल सुधार किए जाए लेकिन कलेक्टर का आदेश केवल हवा हवाई दिखाई दे रहा है। अभी तक पीएचई विभाग के कर्मचारी और अधिकारी कुंभ करण की नीद से नहीं जागे हैं। ग्राम पंचायत छदहना में आधा दर्जन टोला है जिनमे 400 की जनसंख्या है यहां 4 हैंडपंप है चारो खराब पड़े हैं लोग पानी के लिए किलो मीटर पैदल चल कर पानी ला रहे हैं। वही चारो हैडपंप में कुछ में तो वाटर लेवल बहुत नीचे चला गया हैं और कुछकी राइजिंग पाइप खराब पड़ी हैं।

# मऊगंज के गड़रा गांव में युवक को बंधक बनाकर हत्या

## पुलिस पर हमला एएसआई की मौत तहसीलदार सहित कई पुलिसकर्मी घायल, रीवा के संजय गांधी अस्पताल में चल रहा इलाज

रीवा मऊगंज










मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गड़रा नामक गांव में उस समय भारी तनाव की स्थिति निर्मित हो गई और जिला प्रशासन को धारा 163 का ऐलान करना पड़ा, जब शनिवार की दोपहर बाद पुरानी रंजिश के चलते ब्राह्मण परिवार के राहिल उर्फ सनी द्विवेदी नामक युवक को आदिवासी परिवार द्वारा बंधक बनाकर पीट पीट कर हत्या कर दी गई। इस बीच युवक के परिजन भी पहुंचे तो आदिवासी परिवार द्वारा उन पर भी हमला कर दिया गया किसी तरह भाग कर परिजनों ने भी अपनी जान बचाई। घटना जानकारी शाहपुर थाना पुलिस को दी गई। एसडीओपी अंकिता सुल्या महिला उप निरीक्षक आरती वर्मा तहसीलदार कुवारे लाल पनिका थाना प्रभारी शाहपुर संदीप भारती सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे इस दौरान आरोपी आदिवासी परिवार द्वारा पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया गया जिसमें तहसीलदार एवं एसएफ के सहायक उप निरीक्षक सहित एक दर्जन पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया गया। इस दौरान एसडीओपी एवं महिला उप निरीक्षक ने एक कमरे में अपने आप को बंद कर अपनी जान बचाई। पुलिस द्वारा पुलिस कर्मियों को बंधक मुक्त कराने हेतु कई हवाई फायर किए गए वहीं हमले से हुए सभी घायलों को मऊगंज अस्पताल भेजा गया।जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत एसएएफ 25वीं बटालियन भोपाल के सहायक उप निरीक्षक रामचरण गौतम को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों के स्वास्थ्य में सुधार बताया गया है।घटना का मूल कारण-शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव निवासी अशोक आदिवासी पिता दौलत आदिवासी उम्र 45 वर्ष की करीब 6 माह पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी जिस पर आदिवासी परिवार का आरोप था कि युवक की सड़क दुर्घटना में मौत नहीं हुई है बल्कि द्विवेदी परिवार द्वारा युवक की हत्या की गई है। जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विगत 6 माह से रंजित चली आ रही थी। इधर शनिवार की दोपहर जैसे ही द्विवेदी परिवार का युवक राहिल उर्फ सनी द्विवेदी पिता डॉ रजनीश द्विवेदी आदिवासी बस्ती की ओर गया तो आदिवासी परिवार ने युवक को बंधक बनाकर हत्या कर दी। जिसके कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई।इधर घटना की जानकारी होते ही जहां कलेक्टर अजय श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर मौके पर पहुंचे।वहीं जानकारी होते ही प्रभारी आईजी रीवा जोन साकेत प्रकाश पांडेय मऊगंज पहुंचे अस्पताल में भरती पुलिसकर्मियों से मुलाकात की और चिकित्सकों को बेहतर इलाज हेतु निर्देश दिए साथ ही प्रभारी आईजी देर रात घटनास्थल पर भी पहुंचे घटना का पूरा विवरण लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।तहसीलदार सहित पुलिस कर्मचारी हुए घायल- गड़रा गांव में आरोपियों के हमले से शाहपुर थाना प्रभारी संदीप भारती, तहसीलदार कुवारे लाल पनिका, पुलिसकर्मी जवाहर सिंह यादव राम केवट राम लखन मिश्र विकास पांडे प्रीति यादव रामबचन यादव देववती मिश्रा सहायक उप निरीक्षक बृहस्पति पटेल आरक्षक अंकित शुक्ला उप निरीक्षक अनंत मिश्रा घायल हो गए। तहसीलदार कुवारे लाल पनिका एवं शाहपुर थाना प्रभारी संदीप भारती सहित कई घायलों को संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर किया गया है वहीं अन्य का मऊगंज के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सुनियोजित तरीके से किया गया हमला-इस बारे जानकर सूत्रों ने बताया कि अशोक कोल की मौत के बाद से गडरा गाव मे वर्ग संघर्ष की जमीन तैयार होने लगी थी। ब्राह्मण एवं आदिवासी परिवार के बीच रंजिश बनी रही। आदिवासी परिवार भी बदला लेने की तैयारी शुरू कर दी।आसपास के गांव में रहने बाले अन्य आदिवासी परिवार भी लामबंद होने लगे।सूत्र बताते है कि शनिवार दोपहर मृतक शनि आदिवासी बस्ती तरफ गया,जंहा उसके द्वारा अशोक के परिवार के साथ अभद्र व्यवहार किया,जिससे पहले से आक्रोशित आदिवासी परिवार का गुस्सा भड़क उठा,इसके आदिवासी परिवार ने शनि को घर मे बंद कर पीटना शुरू कर दिया। पुलिस आने वाली इस जानकारी पर अन्य गांव में रहने बाले कई आदिवासी गडरा पहुच गया,इसके 200 से ज्यादा आदिवासी लोगो ने पुलिस पर हमला कर दिया। जिस वक्त पुलिस पर हमला किया गया उसे वक्त योजनाबद्ध तरीके से गांव की पूरी लाइट काट दी गई और अंधेरा छा गया जिससे स्पष्ट होता है कि सब कुछ योजनाबद्ध तरीके से हुआ। पुलिस के प्रति थी नाराजगी-घटना के संबंध में सूत्रो की माने तो पूर्व में आदिवासी परिवार द्विवेदी परिवार की जमीन अधिया में लेकर खेती करता था कुछ समय पूर्व अशोक कोल ने द्विवेदी परिवार से लगे खेत से जमीन खरीदी।इस जमीन पर द्विवेदी परिवार की नजर थी और वो यह जमीन खरीदना चाह रहे थे,लेकिन जमीन अशोक के द्वारा खरीद लिए जाने पर द्विवेदी परिवार और अशोक के परिवार के बीच विवाद की शुरुआत हो गई। करीब छः माह पूर्व मऊगंज से वापस आते अशोक कोल हादसे का शिकार हो गया।अशोक के परिजनों ने आरोप लगाया कि द्विवेदी परिवार के द्वारा हत्या की गई है,जांच के बाद पुलिस ने कहा कि अशोक की मौत हत्या नही है बल्कि बाइक भैंस से टकराने के कारण आई चोट के कारण उसकी जान गई है।मृतक अशोक के परिवार के लोग पुलिस की जांच से संतुष्ट नही थे,उनका आरोप था कि पुलिस अशोक की हत्या करने बालो से मिली हुई है और साजिश रच अशोक की हत्या को सड़क हादसा साबित कर दिया। यही वजह रही कि शनि द्विवेदी की हत्या करने के बाद मृतक अशोक के परिवार के लोगो ने मौके पर आई पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया।सतना के निवासी थे हमले में मृतक एएसआई मऊगंज में पुलिस टीम पर हुए हमले में मृतक एएसआई रामचरण गौतम 25वीं बटालियन भोपाल में थे। जो वर्तमान में मऊगंज में पदस्थ थे। वे मूलत सतना जिले के कोठी थाना इलाके के पवैया गांव के रहने वाले थे। 8 महीने बाद उनका रिटायरमेंट था। रविवार की सुबह वैधानिक कार्यवाही उपरांत मृतक सहायक उप निरीक्षक केशव का सिविल अस्पताल मऊगंज में पीएम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। जहां दोपहर उनका पार्थिव शरीर ग्रे गांव पहुंचा, जहां सा सम्मान दी गई अंतिम विदाई।पुलिस महानिदेशक ने मऊगंज की घटना में मृतक के परिजनों से की भेंट कर घटना स्थल का किया निरीक्षण

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने मऊगंज जिले के गड़रा गांव पहुंचकर दुखद घटना में मृतक रज्जन दुबे के परिजनों से भेंट की तथा उन्हें ढाढस बंधाया। पुलिस महानिदेशक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि घटना में शामिल आरोपियों को तत्परता से पकड़कर कठोर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी जिससे ऐसी स्थिति निर्मित हुई। शांति व्यवस्था बनाने के सभी प्रयास किए गए। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात है तथा गांव में शांति का माहौल है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। कुछ आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई है। शेष को शीघ्र ही गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने घटना में एएसआई रामचरण गौतम के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया तथा कहा कि पुलिस अपना कार्य पूरी मुस्तैदी से कर रही है।

इस दौरान एडीजी इंटेलीजेंस अनिल कुमार, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, पुलिस अधीक्षक मऊगंज रसना ठाकुर सहित प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।घटना में मृतक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

मृतक रज्जन दुबे का आज अंतिम संस्कार किया गया। मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री लखन सिंह पटेल अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा कहा कि आरोपियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आरोपी व्यक्तियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर, एसडीएम कमलेश पुरी सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच धूमधाम से मनाया गया होली का त्योहार





**रीवा** । रंगों का त्योहार होली जिलेभर में शुक्रवार को धूमधाम और हर्सोल्लास से मनाया गया। रंग,गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे। जिले में होली शांतिपूर्ण रहीं। गुरुवार की शाम होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे। सुबह होते- होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। बच्चों की मस्ती तो गुरूवार शाम से ही दिखने लगी थी। होली है होली है की गूंज हर गली, हर मुहल्ले में गूंजने लगी। बच्चे सुबह होने का इंतजार करने लगे। शुक्रवार की सुबह मौसम में ठंडापन था, लेकिन यह ठंडापन बच्चों के उत्साह को रोकने में विफल रहा। यहीं हाल आमजनों का भी रहा। सुबह 10 बजे के बाद हर कोई होलियाना मुड़ में नजर रहा था। होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धून पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह दोपहर तक जारी रहा। सड़क पर मतवालों की टोली चल रही थी जिनका काम हर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करना था।गांव से लेकर शहर तक होली की धूमगांव हो या शहर हर जगह होली की उमंग और उत्साह एक समान था। बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गए और अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में मशगूल हो गए। युवाओं की भी अपनी अगल महफिल जमीं थी। यह नजारा मुहल्ले के हर कॉलोनी, गली और चौक चौराहे पर दिख रहा था। महिलाओं की टोली भी किसी से कम नहीं थी। घर की छत या अपार्टमेंट की छत पर महिलाओं की महफिल जमी थी। पुरूषों की तरह महिलाओं ने भी होली का आनंद उठाया। सभी एक- दूसरे को रंगने में जुटी हुई थी। होली में लजीज व्यंजनों के बिना त्योहार अधूरा माना जाता है। होली की बधाई देने वालों की भी कमी नहीं थी। समूह में बंट कर लोग एक- दूसरे के घर पहुंचने और गुलाल लगा कर एक- दूसरे को होली की बधाई दी। बधाई देने का क्रम देर शाम तक जारी रहा।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रहे कड़े इंतजामहोली को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजार किया गया था। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल को तैनात किया गया था। वहीं, होली और रमजान का जुमा होने के कारण प्रभारी आईजी साकेत प्रसाद पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने क्षेत्र का भ्रमण किया साथ ही पुलिस महकमा पूरी तरह सतर्क नजर आया। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में थाना प्रभारी सहित पेट्रोलियम वाहन भ्रमण करते नजर आए। चेक पॉइंट बनाकर हुड़दंगीयो को पुलिस ने रोक कर समझाइए दी। चप्पा चप्पा पर पुलिस का पहरा रहा। बॉक्स डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाई होली, फाग गायन भी किया रीवा में होली का त्योहार इस वर्ष जबरदस्त उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में लोग रंग-गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दे रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक फाग गायन की धूम मची हुई। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने भी होली के रंग में डूबकर उत्सव में हिस्सा लिया, जहां वे प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर वाली पिचकारी के साथ नजर आए। बता दें कि डिप्टी सीएम की आवास पर सुबह से ही कार्यकर्ताओं की बधाई देने के लिए भीड़ लगी रही, रंग गुलाल लगाकर कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला को होली की बधाई दी,वही होली के रंग में रंगकर कार्यकर्ताओं के साथ डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने फाग का गायन किया, इस मौके पर मंनगवा विधायक नरेंद्र प्रजापति, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में दिखा होली का धमालडीजे की धुन पर थिरके पुलिस अफसर, एक-दूसरे को रंग लगाकर दी शुभकामनाएं



रीवा।

होली के त्योहार के साथ ही शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद शनिवार को रीवा पुलिस ने रंगों के त्योहार का जमकर आनंद उठाया। पुलिस लाइन में खास होली समारोह आयोजित किया गया जिसमे डीआई साकेत प्रसाद पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह समेत तमाम पुलिस अधिकारी और जवानों ने एक साथ होली खेली और जमकर रंग-गुलाल उड़ाया। होली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 13 और 14 मार्च को पुलिसकर्मियों ने मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई, जिसके बाद शनिवार को सभी ने पूरे जोश के साथ होली का जश्न मनाया। पुलिस की होली में एसपी विवेक सिंह, एएसपी विवेक कुमार लाल, सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी सहित थानों के समस्त थाना प्रभारी और कर्मचारी मौजूद रहे है,बता दें कि सालभर वर्दी का रौब दिखाने वाली पुलिस के आला अफसर आज होली के रंग में सराबोर नजर आए। होली मिलन में सिपाही से लेकर डीआईजी, एसपी और एएसपी, सबने रंग की तरंग में पुलिसिया रौब भूल एक-दूसरे को खूब गुलाल लगाए है। इस मौके पर अफसर-सिपाही का भेद भी कहीं नहीं दिखा है। पूरा माहौल मानों होली के रंगों में रंग गया। अफसरों ने कहा कि साल भर कानून व्यवस्था की आपाधापी और तनाव में रहने वाले जवान होली के दूसरे दिन जमकर उत्सव मनाते हैं पुलिस लाइन में आयोजित हुए होली मिलन समारोह में सारा दबाव अफसर व अधीनस्थ का भेद भूल गए। ढोलक की थाप पर जवानों ने बिंदास होकर डांस किया। जवानों ने अफसरों के चेहरों को रंगबिरंगा बना दिया। यहां अफसर भी पीछे नहीं रहे, जवानों को रंगने में कोई कसर नहीं छोड़ी।पारंपरिक फाग गान भी हुएफिल्मी गानों के साथ-साथ होली के पारंपरिक गानों पर भी अधिकारियों ने डांस किया। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर जमकर होली खेली। इस दौरान अधिकारी मौजूद रहे और सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। वही इस होली समारोह में पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्य भी शामिल हुए और सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन पुलिस महकमे के बीच आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने का शानदार अवसर साबित हुआ।

## मऊगंज में घटित हुई घटना अत्यंत निंदनीय और दुखद,अपराधियों के ख़िलाफ़ कड़ी से कड़ी कार्यवायी हो : राजीव सिंह शेरा

रीवा



मऊगंज में प्रशाशनिक और पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के साथ घटित हुई घटना मे आम आदमी पार्टी के रीवा जिला अध्यक्ष राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह) ने अत्यंत निंदनीय और दुखद बताते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से अपराधियों के ख़िलाफ़ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है उन्होंने कहा कि होली के त्योहार के दिन अपराधियों के समूह द्वारा पहले एक व्यक्ति को बंधक बना लिया गया और फिर जब पुलिस और प्रशासन के लोग बचाने के लिए गए तब उन सभी द्वारा मिलकर सभी अधिकारियों के उपर प्राणघातक हमला किया जिसने एक पुलिस अधिकारी, सहित एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए ये घटना पूरी तरह से समाज के लिए और कानून को मानने वालो के लिए अच्छी नहीं है ऐसे अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जानी चाहिए और घायलो को अच्छे से अच्छा इलाज बेहतर संस्थान ( अस्पताल) में कराना चाहिए और मृतक पुलिस अधिकारी के

## स्कॉर्पियो की टक्कर से तेज रफ्तार इनोवा घर में घुसी,दीवार के बीच फंसी ,एक घायल

रीवा



जिले के बैकुंठपुर थाना अंतर्गत हरदी मोड के पास स्कॉर्पियो व इनोवा के बीच जोरदार टक्कर हुई, टक्कर में इनोवा घर की दिवाल मे हवा में लटक गई, कुएं में गिरने बची जिसमे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको स्थानीय लोगों ने बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को होली के दिन तकरीबन शाम 5:00 बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के हरदी मोड में रीवा से सिरमौर के तरफ तेज रफ्तार जा रही इनोवा जैसे ही हरदी मोड़ के पास पहुंची तभी मनगवा की तरफ से आ रहे स्कार्पियो वाहन के चालक ने टक्कर मार दिया, जिससे इनोवा वाहन रामावतार यादव के घर की बाउंड्री तोड़कर वाहन चेचिस के बल हवा में लटकने लगा, गनीमत यह रही की नीचे कुआ था अगर दीवाल पर बाडी न टिकती तो कुएं में गाड़ी समा जाती, वही दीवाल का हिस्सा युवक के ऊपर जा गिरा जिससे वह घायल हो गया उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, देखते ही देखते घर के लोग इकट्ठा हो गए और बैकुंठपुर पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी पहुंच गए और वाहन को निकलवाकर थाने में खड़ा करवा लिया है घटना में घायल कमलेश यादव निवासी कपूरी का उपचार जारी है। धमाके जैसी तेज आवाज सुनाई दी रामावतार यादव ने बताया कि सभी लोग घर के भीतर मौजूद थे। तभी अचानक धमाके जैसी तेज आवाज सुनाई दी। जब हम देखने के लिए बाहर निकलकर आए तो एक कार दीवार तोड़कर हवा में लटक रही थी। गनीमत रही कि कार थोड़ी और आगे नहीं आई। क्योंकि आगे कुआं था, जिससे कार कुएं में भी गिर सकती थी। एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि इस सड़क दुर्घटना में किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। सभी लोग सुरक्षित हैं।

## मातम में तब्दील हुई रंगों की खुशियां

# हत्या तक पहुंचा पान का विवादः एक की मौत, दूसरा गंभीर

**मौत के बाद परिजनों ने किया चकाजाम, आरोपियों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर हटे**

**24 घण्टे के भीतर हत्या के तीनों आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी**

**रविवार को को होली के रंगों साथ बहन भाई को खिलाई दूज**

जिले में दो दिवसीय होली की फाग एवं डफली की थाप पर छिड़ी जोगीरा व स्थानीय लोक सुरों की साज में पहले दिन 14 मार्च को जिलेभर में रंगों का पावन पर्व होली हर्षोल्लास एवं 16 मार्च को भाईचारे के साथ मनाया गया। कोतमा को छोडकर जिला मुख्यालय सहित भालूमाड़ा, बदरा, राजनगर, बिजुरी, रामनगर, जैतहरी सहित पुष्पराजगढ़ के ग्रामीण अंचलों में रंगों का बौछार और फाग के साथ पर्व मनाया गया। कोतमा मे पान के विवाद ने एक की बलि ले ली वही दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

अनूपापुर





लोगों ने शांति और भाईचारे के साथ जमकर होली खेली। सडकों से लेकर गलियों तक रंग और गुलाल की बौछार होती रही। इन रंगों में युवाओं, बच्चों और बुजुर्गो ने होली खेला। खासकर छोटे बच्चों ने गुब्बारों में रंगीन पाानी भरकर दूसरे पार उछालकर होली का भरपूर आनंद लिया। 13 मार्च की रात होलिका दहन दूसरे दिन रंग धुरेडी खेलने का माहौल बना रहा, जो दोपाहर तक रंग गुलाल के साथ मनाया गया। इस मौके पार डफली की थाप पर दिनभर शहर और गांवों में फाग मंडली के लोग थिरकते नजर आए। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुरूपिया रूपों में लोगों ने नृत्य व गायन कर फाग का आनंद उठाया। 16 मार्च को भाई दूज के साथ जमकर होली हुई। अमरकंटक में लोगो ने नर्मदा मंदिर के आसपाास जमकर होली के रंगों का आनन्द लिया।

### कोतमा में हत्या तक पहुंचा पान का विवाद

इस बीच कोतमा मे पान के मालूली विवाद ने बडा रूप ले लिया जिसमे एक की मौत हो गई वही दूसरा अस्पताल मे जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। कोतमा नगर के वार्ड नंबर 6 में 14 मार्च की शाम पान की दुकान में पान न मिलने पर कुछ युवकों ने दुकानदार से मारपीट शुरू कर जानलेवा हमला कर दिया जिससे दुकानदार घायल हो गया जहां प्रथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई, वहीं शनिवार को मारपीट करने वाले आरोपियों की गिरफ्तार एवं पुलिस के सामने ही मारपीट करने पर दोषी पुलिसकर्मियों के निलंबन की मांग को लेकर गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर पर चक्का जाम कर धरने पर बैठ गए। कोतमा थाना में पान मांगने को लेकर हुए विवाद बढ़ने पर बीच-बचाव करने आए 30 वर्षीय विक्की केवट पर आरोपियों ने राफ्टर से हमला कर दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल विक्की को पहले शहडोल और फिर जबलपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। शिकायत पर पुलिस ने अमृत प्रजापति उर्फ टमाटर सहित अन्य 5 के खिलाफ हत्या की धारा का प्रकरण दर्ज किया है।

### परिजनों ने किया चकाजाम, आश्वासन पर माने

मौत की खबर के बाद परिजन एवं नागरिक आक्रोशित होकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केसवाही तिराहे पर जाम लगा दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि दबंग आरोपियों द्वारा पुलिस के सामने ही लाठी डंडा बरसाते रहे बावजूद ड्यूटी तैनात रहें पुलिसकर्मी किसी प्रकार का बचाव ना करते हुए उल्टा फरियादी को ही दुकान बंद करने को लेकर धमका रहे थे। इससे नाराज परिजनों एवं ग्रमीणों ने शनिवार को बंजारा चौक पर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने दोषी पुलिसकर्मियों के निलंबन एवं आरोपियों की गिरफ्तार मांग की, इस दौरान सड़क में 4 घंटे बाद जाम लगा रहा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी द्वारा जब आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी एवं परिजनों को मौके पर ही जिला प्रशासन द्वारा 50 हजार की नगद सहायता राशि एवं 50 हजार का चेक देने एवं दोनों पुलिसकर्मियों के जांच के बाद निलंबन की कार्यवाई का आश्वासन मिलने के बाद आक्रोश शांत हुआ।

### 24 घंटे के अंदर छग से धराये तीनों आरोपी

14 मार्च की घटना के बाद हरकत मे आई पुलिस ने गणेश प्रसाद पाण्डेय पिता स्व. भोला प्रसाद पाण्डेय उम्र 41 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 05 कोतमा के आवेदन पर अपराध क्र. 98/25 धारा 296, 115(2), 117(2), 351(3),3(5) बी एन एस कायम कर आह्तो का मेडिकल कराया गया आहत विक्की को गंभीर चोंट होने से रेफर किया गया था। मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपियों की धड़पकड़ के हर सम्भव प्रयास किया गया। इसी बीच 15 मार्च को आहत विक्की केवट ईलाज के दौरान शहडोल अस्पताल में मृत्यु होने पर मामले में धारा 109,103 बी एन एस का ईजाफा किया गया। थाना कोतमा प्रभारी सुन्द्रेश सिंह के नेतृत्व में 03 अलग अलग टीम गठित कर आरोपियों की धड़पकड़ हेतु संभावित स्थानो में लगातार दबिश देकर 24 घण्टे के अंदर में मामले के मुख्य आरोपी अमृतलाल प्रजापति पिता पूरन प्रजापति उम्र 32 साल निवासी बुढानपुर एवं इसके दो साथी दिलीप प्रजापति पिता स्व. चेतराम प्रजापति उम्र 22 साल, सुनील उर्फ गोलू प्रजापति पिता तीरथ प्रजापति उम्र 22 साल दोनो निवासी बुढानपुर को गौरेलर छ.ग. से दस्तयाब कर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं आलाजरब जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले के 3 फरार आरोपी जितेन्द्र प्रजापति, शिवा उर्फ सूर्यकांत प्रजापति एवं सागर प्रजापति की गिरफ्तारी के लिये संभावित स्थानो पर टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है।



### इनका कहना है

मारपीट में युवक की जान चली गई है। पीडित परिजनों को मौके पर 50 हजार की नगद एवं 50 हजार रुपये की सहायता राशि चेक दिया गया है। दोनों पुलिसकर्मियों पर जांच के बाद कार्यवाई की जायेगी।

**इसरार मंसूरी**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर**

# विरोध के बाद ट्रांसफार्मर के स्थानांतरण पर लगी रोक, वापस लौटे अधिकारी कर्मचारी

एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिकारियों की मनमानी का किया विरोध

अनूपपुर



एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के जमुना कॉलोनी पाथरखेड़ा दुर्गा पंडाल में लगे ढाई सौ केवी के ट्रांसफार्मर को प्रबंधन द्वारा खोलकर अन्य स्थान पर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था तथा उसके स्थान पर 150 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा था, तभी स्थानीय लोगों तथा एसएमएस यूनियन के द्वारा प्रबंधन के इस निर्णय का विरोध किया। एसएमएस यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला एवं महामंत्री विक्रम प्रसाद मौके पर खड़े होकर प्रबंधन के इस निर्णय का पुरजोर विरोध किया और कहा कि जमुना कोतमा क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिकारी त्योहार के समय पर जो घटिया हरकत कर रहे हैं वह ठीक नहीं है हजारों कर्मचारी यहां निवासरत हैं जिसकी चिंता प्रबंधन को नहीं है। वार्ड नंबर 5 की पार्षद श्रीमती सरोज लोधी ने कहा कि वर्तमान समय में जो ढाई सौ केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है उससे हमारे वार्ड की बिजली सुचारू रूप से संचालित हो रही है लेकिन एसईसीएल के अधिकारी यहां के ट्रांसफार्मर को खोलकर दूसरे स्थान पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं जिसका हम सब विरोध करते हैं। प्रबंधन के अधिकारियों को हमारे क्षेत्र की जनता चैन की नींद सो सके यह रास नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों तथा एसएमएस यूनियन के विरोध के बाद एसईसीएल जमुना कोतमा में क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिकारियों को उल्टे पैर लौटना पड़ा और बंद की गई विद्युत सप्लाई को चालू करनी पड़ी।

## नल जल योजना में लापरवाही

# अनूपपुर के हैंडपंप उगल रहे हवा, लाखों की टंकी बनी शोपीस

राजेन्द्रग्राम।





सरकार की बहुप्रचारित नल जल योजना का सच अनूपपुर जिले में उजागर हो गया है। यहां के कई गांवों में हैंडपंप पानी की जगह हवा उगल रहे हैं, जबकि लाखों रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी महज शोपीस बनकर रह गई है। परिणामस्वरूप, ग्रामीण गंदा पानी पीने को मजबूर हैं और अपनी बुनियादी जरूरत के लिए भटक रहे हैं।

### टंकी बेकार, पानी के लिए तरसते ग्रामीण

विशेष रूप से पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के बरबसपुर गांव में हालात बदतर हो चुके हैं। ग्रामीणों के लिए स्वच्छ पेयजल का कोई इंतजाम नहीं है। जो लोग वाटर टैंक खरीद सकते हैं, वे बाजार से पानी खरीदकर गुजारा कर रहे हैं, जबकि बाकी गांववाले मजबूरी में तालाब और गड्ढों का गंदा पानी पीने को विवश हैं। गांव में पहले कई बोरवेल थे, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण उनमें केसिंग पाइप नहीं डाले गए, जिससे जल स्त्रोत बंद हो गए। वहीं, सरकार द्वारा बिछाई गई जल सप्लाई पाइपलाइन कई जगह जमीन के ऊपर पड़ी नजर आ रही है, जबकि घर-घर लगाए गए नल अब तक पानी की एक बूंद नहीं दे सके हैं।

### 100% कागजों में संचालित योजना

नल जल योजना के तहत गांव-गांव में हैंडपंप लगाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों को जगह-जगह से तोड़ दिया गया, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। हालांकि, कागजों पर यह योजना 100% सफल बताई जा रही है, लेकिन जमीनी सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है।गांववालों का कहना है कि अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते यह योजना पूरी तरह से विफल हो चुकी है। शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो ग्रामीणों के लिए यह जल संकट और गंभीर हो सकता है। अब सवाल यह है कि सरकार कब तक इस लापरवाही पर आंखें मूंदे रखेगी? क्या प्रशासन नींद से जागेगा या फिर गांववालों को यूं ही गंदे पानी के सहारे जीने के लिए छोड़ दिया जाएगा।

### इनका कहना है

आपके माध्यम से पुष्पराजगढ़ विकासखंड के बरबसपुर का मामला संज्ञान में आया है, वहाँ पेय जल की समस्या है स्थल पर विजिट करके वास्तविक स्थिति को देखकर जो भी समस्या होगी उसका निराकरण कर पेयजल व्यवस्था बहाल की जाएगी।

**अमित शाह, कार्यपालन अभियंता**
पीएचई अनूपपुर

# होली उत्सव पर नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया जागरूक




अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक में स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के प्राचार्य डॉ एस.के.राय के नेतृत्व में होली महोत्सव हर्षोल्लास, धूमधाम व शांतिपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा होली की शुभकामनाएं दी, और सभी को प्राकृतिक रंगों से खेलने की अपील की और होली के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व बताये। इसके बाद होली मिलन में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी और मिलकर सभी ने रंगारंग डांस किया। इस अवसर पर पेस सेटिंग गतिविधि के अंतर्गत मेरा भारत नशामुक्त भारत की थीम पर मेरा विद्यालय नशामुक्त विद्यालय जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कक्षा नवमी के छात्र-छात्रा द्वारा नुक्कड़ नाटक होली दिवस पर विद्यालय के चौराहे पर प्रर्दशन कर शुभारंभ किया जिसमें मुख्य किरदार व्यसन राज-द्ववेदी, तंबाकू-प्रयाग, पान-सौर्य , शराब-नूतन, सिगरेट-सौरभ,ड्रग्स-मनीष को भारत माता-शैली ने अपने ज्ञान, वरदान और आशीर्वाद से किया लोगों को जागरूक। जिसका मुख्य उद्देश्य योग और मेडिटेशन को जीवन में धारण कर जागरूकता फैलाना और एक स्वस्थ, सुखी, एवं नशा मुक्त भारत का निर्माण करना है। उपस्थित 300 लोगों को सक्षम ने नशा मुक्ति पर सामुहिक शपथ दिलवाई और उपस्थित दर्शकों ने कहा कि वे दूसरे लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर समस्त स्टाफ, अभिभावक एवं स्टाफ फेमिली उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन हेतु समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार डॉ.ए.के.शुक्ला द्वारा व्यक्त किया गया।

# हिंदुस्तान पावर प्लांट परिसर में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह

अनूपपुर। हिंदुस्तान पावर के प्लांट परिसर में 4 से 11 मार्च तक राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह 12 मार्च को हुआ । समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला यातायात प्रभारी सुश्री ज्योति दुबे उपस्थित रहीं। उन्होंने सुरक्षा की महत्वपूर्णता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औद्योगिक विकास में कुशल श्रम को होना आवश्यक है लेकिन सुरक्षा के बिना कुशल श्रम का होना संभव नहीं हो सकता है ।



समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कंपनी के प्लांट हेड एवं सीओओ आनंद देशपांडे ने कहा, सुरक्षा सप्ताह हमारे लिए एक त्यौहार जैसा होता है, जैसे किसी त्यौहार को खुशी और उल्लास के साथ मनाया जाता है, उसी तरह सुरक्षा जागरूकता अभियान औद्योगिक इकाईयों में मनाया जाता है और बताया कि सुरक्षा को हमें अपनी दिनचर्या में आदत के रूप मे शामिल करना चाहिए, बिना सुरक्षा के हम खुशहाल और समृद्ध देश की कल्पना नहीं कर सकते। उन्होंने इस वर्ष के राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण है का पूर्ण रूप से अनुपालन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। मेंटेनेंस विभाग प्रमुख टी.एम. पाई ने सुरक्षा नियमों के अनुपालन की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि समय पर 'नियर मिस' घटनाओं की रिपोर्टिंग से बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है, निश्चित ही, सुरक्षा हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है, और हम यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के प्रमुख डॉ. भोला प्रसाद कुशवाहा और उनकी टीम ने सुरक्षा प्रदर्शन रिपोर्ट साझा की, और वर्ष के दौरान विभाग की उपलब्धियों को साझा किया साथ ही बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विभाग ने सुरक्षा सप्ताह के दौरान जागरूकता अभियान से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की है, जिनमें सुरक्षा जागरूकता रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, भाषण प्रतियोगिता इत्यादि शामिल हैं। विभिन्न प्रतियोगियों में शामिल सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को प्रबंधन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधन के द्वारा कुछ विभागीय पुरस्कार भी प्रदान किए गए जिनमें सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा मॉडल के लिए बॉयलर मेंटेनेंस विभाग को सम्मानित किया गया, सर्वश्रेष्ठ सेफ्टी काउंसिल पुरस्कार के लिए इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस विभाग को पुरस्कार दिया गया, और सर्वश्रेष्ठ हाउसकीपिंग पुरस्कार से मिल मेंटेनेंस विभाग को नवाजा गया। इसके अलावा, सुरक्षा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों, इंजीनियरों, प्रबंधकों एवं सुरक्षा सुपरवाइजरों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार देकर उन्हें भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सुरक्षा विभाग ने इस सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।